卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 78 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦25 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उत्तराखण्ड पहुंचे बलिदानियों के पार्थिव शरीर, सीएम ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। जम्मू के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में आतंकी हमले में बलिदान हुए गौतम कुमार और नायक वीरेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर सोमवार को उत्तराखंड पहुंचे। पार्थिव शरीर को सेना के विमान से देहरादून एयरपोर्ट लाया गया। यहां सेना ने दोनों बलिदानी को गार्ड आॅफ आॅनर दिया। सीएम धामी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों को ढांढ़स बंधाया। इसके बाद दोनों के पार्थिव शरीरों को सेना के हेलीकॉप्टर से उनके घर भेजा गया। घर पर शहीदों के पार्थिव शरीर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में हुए आतंकी हमले में गढ़वाल मंडल के दो वीर बलिदानी हो गए थे। इनमें पौड़ी जिले के कोटद्वार निवासी राइफलमैन गौतम कुमार (29) और चमोली जिले के बमियाला गांव के वीरेंद्र सिंह थे। पहले बलिदानी के पार्थिव शरीर को दो दिन पहले उत्तराखंड लाया जाना था, लेकिन कई कारणों से नहीं लाया जा सका। गौतम की तैनाती 89 आर्म्ड कोर में थी, वहीं वीरेंद्र 15वीं गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे। वीरेंद्र का परिवार रुड़की में रहता है, लेकिन उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बमियाला में किया जाएगा।




## डंपर ने साईकिल सवार को रौंदा, मौत

रुड़की (उद संवाददाता)। कलियर क्षेत्र में सोमवार प्रात: खनन से भरे डंपर ने एक साइकिल सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े दस बजे एक युवक साइकिल से भगवानपुर- इमलीखेड़ा मार्ग से भगवानपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह रहमतपुर गांव के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे खनन से भरे डंपर ने युवक को कुचल दिया और उसे साइकिल समेत दूर तक घसीटते हुए ले गया। राहगीरों ने हादसा होता देख शोर मचा दिया। इस पर डंपर चालक डंपर रोककर मौके से फरार हो गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। खनन (शेष पृष्ठ सात पर)



## जुलूस निकालने को लेकर खनन कारोबारियों की पुलिस से झड़प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे खनन कारोबारियों की जुलूस निकालने से मना करने पर पुलिस अधिकारियों से तीखी झड़प हो गई। जिससे मौके पर स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से वार्ता की और नियमों का हवाला देकर शांत कराया। इससे पूर्व गौला संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों खनन कारोबारी खनन रॉयल्टी निजी हाथों में देने और वाहनों की फिटनेस निजी सेंटरों से कराए जाने के विरोध में चोरगलिया रोड से बुद्धपार्क तक जुलूस निकालने के लिए एकजुट हुए। जुलूस निकालने की भनक मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने आयोजकों से जुलूस निकालने का अनुमति पत्र दिखाने को कहा तो समिति के लोग अनुमति पत्र नहीं दिखा पाए। पुलिस ने साफ कहा कि बिना अनुमति के जुलूस नहीं निकालने दिया जाएगा और पुलिस ने चोरगलिया रोड पर बैरिकेटिंग लगाकर उसे ब्लॉक कर दिया। जुलूस निकालने को लेकर गौला खनन वाहन स्वामियों की पुलिस से झपड़ और धक्का मुक्की होने लगी। जिससे वहां पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सभी लोग चोरगलिया रोड से तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क तक जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे थे। स्थिति बिगड़ते देख बनभूलपुरा और आसपास के थाना क्षेत्रों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बिना अनुमति के जुलूस नहीं निकल दिया जिससे गौला संघर्ष समिति के लोग भड़क गए। काफी देर तक चोरगलिया रोड पर हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी मिलते ही एसडीएम परितोष वर्मा ने मौके पर पहुंचकर उनकी बात सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। आज गौला खनन से जुड़े वाहन स्वामियों का बुद्धपार्क में धरना प्रस्तावित था। धरने देने के लिए लालकुआं आदि क्षेत्रों से खनन कारोबारी बुद्धपार्क पहुंच गए थे। वहीं गौला संघर्ष समिति को चोरगलिया रोड से जुलूस की शक्ल में बुद्धपार्क पहुंचना था। लेकिन पुलिस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। गौला संघर्ष समिति के अध्यक्ष पम्मी सैफी ने सरकार पर गौला खनन से जुड़े वाहन स्वामियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने पहले वाहनों की फिटनेस निजी सेंटरों से कराने का फरमान जारी कर दिया। अब खनन रॉयल्टी भी निजी हाथों में दे दी गई है जिससे वाहन स्वामियों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गौला नदी में वैसे ही खनन कार्य तीन महीने देरी से शुरू हुआ है। ऐसे में खनन से जुड़े वाहन स्वामियों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गौला नदी में वन विभाग (शेष पृष्ठ सात पर)





## कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

### एक साल पहले हुई थी शादी, परिवार में कोहराम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर के पास मिलक चौकोनी में देर शाम कैंटर की टक्कर से साईकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की एक साल पहले ही शादी हुई थी घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक ईश्वरपुर थाना शीशगढ़ बरेली निवासी 22 वर्षीय किशोर पाल पुत्र सोमपाल लालपुर के एक भाजपा नेता के यहां वाहन चलाता था। बीती रात साढ़े आठ बजे वह स्कूटी से अपने घर जा रहा था। लालपुर से यूपी को जाने वाले मार्ग पर मिलक चौकोनी में पीछे से आ रहे ओवरलोड कैंटर संख्या यूपी 22एटी 3856 ने स्कूटी (शेष पृष्ठ सात पर)



## जंयती पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया नमन

देहरादून/रूद्रपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज प्रदेश भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। सीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री उत्तराखण्ड राज्य के प्रेणता रहे हैं। उन्होंने न केवल उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण किया बल्कि राज्य विकास के लिए आधार भी तैयार किए। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। **रुद्रपुर**- भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सादगी के साथ मनाई गई। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। विधायक अरोरा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के ऐसे नेता रहे जो सर्वमान्य थे और हम करोड़ो कार्यकताओ के प्रेरणा पुंज के रूप में सदैव हम सभी के दिल मे निवास करते हैं। आज पूरे देशभर में भारतीय जनता (शेष पृष्ठ सात पर)





## महिलाओं में जमकर मारपीट, कई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर मोहल्ले में गत रात्रि में किसी बात को लेकर महिलाओं में जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में कुछ महिलाओं को गंभीर चोट आ गई जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकरी पुलिस को दे दी गई है। एक पक्ष का आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाले परिवार के सदस्यो से पूर्व में कई बार लड़ाई हुई हैं। गत रात्रि वह अपनी बहन, भाभी उसके घर के सामने से जा रहे थे। पड़ोसी परिवार जान से मारने की (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, जखीरा बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने बिंदुखेड़ा में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब का जखीरा बरामद किया है। मौके से चार शराब माफिया फरार हो गये। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीमों ने बिन्दुखेडा क्षेत्र में हथियारी नदी के किनारे दबिश दी । मौके पर चार भट्टियाँ चालू हालत में मिली जिनमें शराब की कसीदगी कर रहे चारों लोग नदी का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। पूछताछ करने पर खेत के बाँये कोने में स्थित अवैध कच्ची शराब की दो भट्टियाँ बिट्टू पुत्र जसवन्त, कुलविन्दर उर्फ करन पुत्र शमशेर सिह निवासीगण बिन्दुखेडा की होना बताया गया जिनको तोडकर ड्रमो मे भरे लहन को नष्ट किया गया तथा काले रंग की प्लास्टिक की पन्नियो में भरे गड्ढों मे रखे लहन लगभग 1000 लीटर को मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर शराब बनाने के उपकरण 02 पाइप व मिट्टी की 04 मटकी, 04 ड्रम लोहे के 02 कनिस्टर को कब्जे पुलिस व 01 शराब (शेष पृष्ठ सात पर)



## जोमेटो कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर जोमेटो कंपनी में कार्य करने वाले दर्जनों होम डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों ने आज मोदी मैदान में जमकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि उन्हें दस रुपए प्रति किलोमीटर तथा दो सौ पचास रुपए प्रतिदिन के हिसाब से वेतन दिया जाए। उन्होंने बताया बढ़ती मंहगाई के कारण कम वेतन से उन्हें परिवार के भरण पोषण में (शेष पृष्ठ सात पर)



# जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया नमन

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश के दसवें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनको याद किया एवं नमन किया। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर उनके जीवन का अनुसरण करने एवं आज के दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी रामू भैया ने कहा कि आज हम सभी देशवासी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेई जी ने देश को मजबूत करने के लिए परमाणु परीक्षण कर भारत को विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया था जिसके फल स्वरुप



ही भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा है। उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान को एक मजबूत राष्ट्र के साथ विश्व की महाशक्तियों के बीच स्थापित करने का काम कर चुके हैं और अटल बिहारी वाजपेई के सपने को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। हम सभी देशवासी स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के देश एवं समाज के लिए दिए गए योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमल मंडेला, अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामिल खान, संतोष अग्रवाल, संतोष गौरव, नवल वाल्मीकि, सुरेश जीना, सावित्री कन्याल, अनुपम शर्मा, अनीता ज्याला, स्वाती मिश्रा, राहुल सक्सेना, मेहताब राजा, विनीत सक्सेना, महेंद्र ठाकुर, ललित जोशी, सतीश भट्ट, हाफिज रहमान, राहुल चौहान, ओम प्रकाश ठाकुर, अनवर मलिक, किशन सिंह किन्ना, रेनू भंडारी, गंभीर सिंह धामी, लीला बोरा, अंजू देवी, रमेश जोशी, ललित बिष्ट, जावेद रिजवी आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक नशा तस्कर युवक को प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। चौकिंग करते हुए जब पुलिस टीम धोबीघाट के पास स्थित कब्रिस्तान गेट के समीप पहुंची तभी गेट को जाने वाली गली के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास



से नशे के प्रतिबंधित 18 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम पता इम्तियाज पुत्र सज्जन हुसैन निवासी मोहम्मदी चौक मोहम्मदी मस्जिद के पास पप्पू का बगीचा बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक नशेड़ी किस्म का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अवैध भारी खनन वाहनों पर रोक लगाने की मांग

टनकपुर (उद संवाददाता)। चंपावत जिले के चूका गांव से भारी क्षमता वाले दस टायरा वाहन पर्वतीय क्षेत्रों में गैर कानूनी रूप से चलने के विरोध में मां शारदा खनन यूनियन के एसडीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से भार क्षमता वाले दस टायरा वाहनों द्वारा चूका केशर से खनन सामग्री को टनकपुर होते हुए बाहर ले जाया जा रहा हैं यह मार्ग पर्वतीय क्षेत्र के अलावा धार्मिक मार्ग भी है। पर्वतीय क्षेत्र में अवैध रूप से भार क्षमता वाले दस टायरा वाहन चलने से दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती हैं चूका में अभी तक खनन कार्य प्रारम्भ भी नहीं हुआ है जिफर भी अवैध रूप से खनन सामग्री चूका केशरों से लाई जा रही है। अगर इसी तरह भारी दस टायरा वाहन खनन सामग्री अवैध रूप से लाते रहे तो टनकपुर शारदा खनन वाहनों से चलने वाले हजारों परिवार वाहन स्वामी बेघर हो जायेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस पर अंकुश नहीं लगा तो वृहद आंदोलन चलाया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में यूनियन के अध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष नसीब हुसैन, सचिव संजय मिश्रा, दीपेन्द्र चन्द्र राजन, शहरोज हुसैन, सुलमान, मनीर, रमेश चन्द्र, तेज सिंह खती, अनिल चन्द, अनिल जोशी, रियासत हुसैन, संजय कलौनी, आकाश, जावेद हुसैन, कैलाश आदि शामिल थे।





# ऑनलाईन छात्रवृत्ति प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग

कालाढूंगी(उदसंवाददाता)। एससी एसटी टीचर एसोसिएशन की एक बैठक डॉ बी आर आंबेडकर आदर्श विद्यालय दामुवाढूंगा में आयोजित की गई बैठक में विद्यालयों में शैक्षिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। विशेष रूप से छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति के फॉर्म को ऑनलाइन भरने में हो



रही परेशानियों के निवारण को लेकर बातचीत हुई। छात्रवृत्ति प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु मांग रखी गई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार टम्टा व संचालन महासचिव दीप दर्शन ने किया। बैठक में मनोज कुमार, विजय कुमार, दुर्गा प्रसाद इंद्र कुमार ,हरिश्चंद्र, के एल टम्टा,चंद्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा दायित्व दिए जाने के बाद दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता



का भाईचारा एकता मंच के कार्यालय में भव्य स्वागत हुआ ।संगठन के पदाधिकारियो ने फूलमाला, पगड़ी, व शाल उड़ा कर उनका सम्मान किया। भाईचारा एकता मंच के कार्यालय में स्वागत समारोह में पहुंचे राज्य मंत्री श्री दत्ता ने संगठन के पदाधिकारियो को भरोसा दिलाया कि वह हर तरह से भाईचारा एकता मंच के साथ हैं भाईचारा एकता मंच के किसी भी पदाधिकारी को जब-जब उनकी जरूरत रहेगी तो वह संगठन के पदाधिकारी के साथ खड़े मिलेंगे इस अवसर पर भाजपा नेता चंद्रसेन कोली, भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार, केंद्रीय महामंत्री मुमत्याज अहमद ,केंद्रीय कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव ,प्रदेश कार्यकारिणी से सुमन पंत ,रेनू जुनेजा, शीला चौधरी, अलका अरोड़ा, जिला कार्यकारिणी से ममता श्रीवास्तव, काजल राघव, आशा मुंजाल, गीता देवी, रजनी मौर्य, महानगर कार्यकारिणी से आरती मौर्य संगीता श्रीवास्तव, कंचन वर्मा, लक्ष्मी सैनी ,कविता मंडल ,ममता चौहान, छाया शर्मा, अनामिका मंडल, ग्रामीण मंडल से ज्योति कोली, बंगाली समाज से सीमा शर्मा, मीनू राय ,संध्या गायन ,अवनी राय ,आरती वैद्य, तथा वार्ड कार्यकारिणियों से रेनू प्रजापति, निशा ,चंचल ,गीता गंगवार ,उमेश भारती जसपाल सिंह सहित दर्जनों सदस्य गण मौजूद थे।

# चीनी मिल बंद होने पर किसानों ने काटा हंगामा

बाजपुर। चीनी मिल रविवार सुबह करीब 10:30 बजे तकनीकी गड़बड़ी के चलते बंद हो गई। मिल के अचानक बंद होने की सूचना पर किसानों ने चीनी मिल में पहुंचकर हंगामा किया और चीफ इंजीनियर नारायण सिंह का घेराव किया और कुछ देर के लिए चीफ इंजीनियर को बंधक भी बनाया। इस दौरान किसानों की चीफ इंजीनियर के साथ झड़प भी हो गई। सूचना पर पहुंचे मिल के महाप्रबंधक हरबीर सिंह ने जल्द ही मिल सुचारू करने का भरोसा दिया जिस पर किसान शांत हुए। जानकारी के अनुसार सुबह चीनी मिल का एक प्लांट अचानक बंद हो गया जिस पर नाराज किसानों ने हंगामा कर चीफ इंजीनियर नारायण सिंह का घेराव किया। इस दौरान किसानों की चीफ इंजीनियर नोकझोंक भी हुई। किसानों का आरोप था कि तीन दिन से मिल सुचारू गति से नहीं



चल रही है। मिल के गेट की पर्चियां भी किसानों कम मिल रही हैं जिससे किसान परेशान है। मिल की मरम्मत के चलते चीनी मिल का पेराई सत्र भी देर से शुरू किया गया। चीफ इंजीनियर को बंधक बनाने की सूचना पर मिल के महाप्रबंधक हरबीर सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को बताया कि टरबाइन खराब होने के चलते मिल का बड़ा प्लांट बंद है। बताया कि पार्ट्स मंगाया गया है और देर रात तक मिल शुरू हो जाएगी। कहा कि मिल का छोटा प्लांट चल रहा है। इस पर किसान शांत हुए। इस मौके पर किसान नेता विजेंद्र डोगरा, जसवीर सिंह भुल्लर, विक्की रंधावा, सरताज सिंह औलख, पिंकी, जितेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने देश को दी नई दिशा: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि आज अटल जी और महामना मदन मोहन मालवीय जी की जन्म जयंती है। इस अवसर पर हम इन दोनों महान आत्माओं को याद करते हैं और उनसे जीवन में प्रेरणा लेकर प्रयास करते हैं कि हम सब भी उनके बताए मार्ग पर चलें। कंधे-से-कंधा लगाकर, कदम-से-कदम मिलाकर हमें अपनी जीवन-यात्रा को ध्येय-सिद्धि के शिखर तक ले जाना है। भावी भारत हमारे प्रयत्नों और परिश्रम पर निर्भर करता है। हम अपना कर्तव्य पालन करें, हमारी सफलता सुनिश्चित है। कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई कुशल वक्ता के साथ साथ प्रखर लेखक, पत्रकार,कवि और कोमल हृदय के इंसान थे। देश के प्रति उनके



भीतर गजब की देशभक्ति कूट कूट कर भरी हुई थी। वो विपक्ष में रहकर भी अपनी भूमिका बखूबी निभाते थे,उनके मुख से मृद शब्दो का ही प्रयोग होता था वो सत्तापक्ष से सवाल भी कुटीले अंदाज से करते थे और जब वो देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने विपक्ष की बात को हमेशा गंभीरता से लिया। जो उन्हे सब राजनेताओं से अलग रखती थी। अटल जी का किरदार इतना बड़ा था कि वो बड़ी से बड़ी बातो को भी कुटिल अंदाज में कविता के माध्यम से बयां कर दिया करते थे और अपने लोगो के गलत कार्यों की भी खुले मन से आलोचना करते थे। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना व वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, महामंत्री गोल्डी गोराया, मुकेश कोली, देवेंद्र शर्मा, पूरन भट, सुरेंद्र चौधरी, धनीराम, कमलेश राठौर, विनोद कोली, चंदन जायसवाल, लता सिंह, आरती दुबे, शैल शुक्ला, रीता पांडे, सुनीता गंगवार, मुकेश राठौर, नंदू प्रजापति, हीरालाल प्रजापति, राम अवतार अग्रवाल, कविता मान, परमजीत सिंह, विशाल गुप्ता, जीत सिंह, मनजीत सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई वाजपेयी और मालवीय जी की जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भारत रत्न पंडित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं ब्राह्मण सभा के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती एवं तुलसी पूजन दिवस राम ट्रेडर्स गल्ला मंडी में कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण शर्मा और पंडित सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर गल्ला मंडी मिष्ठान वितरण कर गरीबों को कंबल वितरण किए गए। इसके बाद पंडित कुलदीप शर्मा को प्रांतीय ब्राह्मण सभा परशुराम सेवा का युवा प्रदेश



अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा, पंडित बीडी शर्मा, पंडित रामकृष्ण शर्मा, पंडित गजानंद शर्मा, पंडित जुगल बल्लभ गोस्वामी, पंडित राहुल भारद्वाज, पंडित अमित तिवारी, पंडित राम अवतार शर्मा, पंडित सुरेश तिवारी, पंडित अजय मिश्रा, श्रीमती गीता शर्मा, श्याम बनोट, पंडित मदन मोहन, पंडित राजनाथ तिवारी, पंडित राहुल शर्मा, राजनाथ शर्मा, राहुल शर्मा, सुरेश तिवारी, अजय मिश्रा, श्रीमती गीता शर्मा, पंडित महेश शर्मा, पंडित रामनारायण तिवारी, डॉ राहुल भारद्वाज, श्याम चरण प्रसाद,रमेश सिंह,पवन शर्मा,सुनील शर्मा, अशोक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# जंगलों को आग से बचाने को एडवाइजरी जारी

देहरादून। बीते वर्षों की तरह इस बार भी प्रदेश में सर्दियों की शुरूआत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसका प्रमुख कारण बारिश का नहीं होना, खरपतवार को जलाना बताया जा रहा है। इस संबंध में वन मुख्यालय की ओर से सभी वन प्रभागों को एडवाइजरी जारी की गई है। प्रदेश में पर्वतीय जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग चमोली सहित कुमाऊं के कुछ हिस्सों में जंगल में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वन विभाग ने इसे संजीदा से लेते हुए 28 बिंदुओं पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें बीते वर्षों की घटनाओं को देखते हुए वनाग्नि के समुचित उपाय करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही फायर लाइन काटने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक,वनाग्नि और आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा ने बताया कि प्रदेश में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की ओर से वनाग्नि के अलर्ट मिले हैं। प्रभागों में डीएफओ और रेंज अधिकारियों की ओर से इनका भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके अलावा एक्शन टेकन रिपोर्ट भी मांगी जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल मामलों में नाम खेतों में खरपतवार की वजर से जंगल में आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि सभी डीएफओ को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) की ओर से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। कर्मचारियों को तत्परता से आग बुझाने के निर्देश दिए गए हैं। बतों दें कि उत्तरकाशी में जंगल में आग लगाने के आरोप में कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# मोनाड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

गदरपुर(उद संवाददाता)। मोनाड मैग्सिमम माइन्ड का द्वितीय चरण के प्रथम भाग का आयोजन किया गया। अपने आप में अनुठे कार्यक्रम खोज द सर्च के माध्यम से बच्चों ने ज्ञान और सामान्य ज्ञान प्रश्नोंत्तरी के साथ रंगारंग सांस्कृतिक लोक नृत्य तथा लोग संगीत का समन्वय बनाकर कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेन्द्र बहादुर सिंह सेवा निवृत्त उद्यान विभाग (फूलो की खेती के विशेषज्ञ) ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने खोज द सर्च कार्यक्रम के बच्चों बौद्धिक एंव सामाजिक विकास में मील का पत्थर बताया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के वैज्ञानिक सोच एंव सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए जीवन में सफलता के लिए एक लक्ष्य निर्धरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 500 प्रश्न पूछे गये। क्विज मास्टर बलनीत सिंह, अलिंद अग्रवाल, राकेश सिंह, रेखा पांण्डे तथा गीता कैड़ा ने अत्यधिक संबेग के साथ प्रश्न पूछे जिनका बच्चों ने उसी उर्जा के साथ उत्तर दिये। सामान्य ज्ञान में नर्मदा सदन प्रथम, गंगा तथा कावेरी ने द्वितीय, ब्रहम्पुत्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में गंगा सदन प्रथम, नर्मदा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक संगीत में ब्रह्मपुत्र ने प्रथम तथा कावेरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अनुठे कार्यक्रम में करीब 400 प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर बच्चों द्वारा योगा का प्रदर्शन किया गया। जिसकी सभी लागो ने काफी सराहना की। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य स,अजीत सिंह, राजेश डाबर, प्रबंध निदेशक संजय सिंह, मनमोहन सिंह रावत, प्रधानाचार्या श्रीमती नेहा भारद्वाज के अलावा काफी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी ने एक सुर से इस अनुठे कार्यक्रम कि मुक्तकंठ से सराहना की।





# धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कोटाबाग के पतलिया के दून मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम इस रही इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कालाढूंगी विधायक वंशीधर भगत मौजूद रहे। विधायक भगत का विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत ने सभी शिक्षकों को इसी तरह मेहनत के साथ शिक्षण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनसे भविष्य में भी इसी तरह मेहनत से बच्चों को काबिल बनाने की अपेक्षा की। वहीं बच्चों से भी अनुशासन में रहकर शिक्षा प्राप्त करने और अपने माता पिता व गुरुजनों तथा अपने से बड़ों का आदर सम्मान करते रहने के लिए प्रेरित किया। बही बच्चो के द्वारा किए गए नाटक व बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम खूब सराहे गए। इस दौरान बच्चो द्वारा अनेक रंगा रंग कार्यक्रम किए गए इस दौरान कोटाबाग भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह मेहरा , स्कूल प्रबन्धक मनोज बुढलाकोटी,प्रधानाचार्या ममता बुढलाकोटी,पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश भगत , सी वी एस ई सिटी कोऑर्डिनेटर मंजू जोशी, सुनील जोशी , एल डी पाठक आदि उपस्थित रहे।

# सरे बाजार पत्रकार के दिव्यांग भाई को पीट कर नगदी छीनी

सितारगंज(उद संवाददाता)। रामलीला ग्राउंड में पत्रकार के दिव्यांग भाई की दुकान में घुसकर युवक ने मारपीट की। आरोपी ने दिव्यांग की दुकान के गल्ले से पैसे भी निकाल लिए। जिससे रोषित पत्रकारों ने कोतवाल कोतवाल को मामले की तहरीर देकर करवाई की मांग की है। सरकड़ाचौकी इंचार्ज विक्रम धामी ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी। नगर के वार्ड 7 निवासी गौरव भारद्वाज पुत्र राम प्रताप भारद्वाज ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 24 दिसंबर की शाम को वह दुकान में बैठा था। तभी वार्ड नंबर 7 निवासी युवक उनकी दुकान में घुस आया आरोपी ने गाली गलौज की। गौरव भारद्वाज के विरोध करने पर आरोपी ने धक्का मारकर उसे गैलरी में गिरा दिया। जिसके बाद आरोपी ने गौरव भारद्वाज के गल्ले से करीब 14 हजार रुपए निकाल लिए। दिव्यांग के साथ मारपीट की घटना को लेकर लोगों में रोष है। इससे आहत पत्रकारों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल को तहरीर दी उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल भूपेंद्र बृजवाल ने मामले में चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह धामी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)।थाना पुलिस ने 315 बोर के तमंचे और 1 जिंदा कारतूस के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने सकैनियाँ चौराहे के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध नासिर पुत्र शहादत निवासी ग्राम टांडा डालचंद्र थाना केलाखेड़ा को चेक किया गया तो उसके पास से तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल जीवन चंद्र शामिल रहे।



# प्रभात फेरी का स्वागत किया

रूद्रपुर। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा गोल मार्केट से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी शबद कीर्तन का गायन करते हुए रक्षपाल सिंह हैप्पी के घर गई जहाँ रक्षपाल सिंह हैप्पी ने प्रभात फेरी का स्वागत किया व मिष्ठान वितरण किया गया। स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने कहा कि सारी संगत इन प्रभात फेरियों में शामिल होकर गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त करें। इस अवसर पर नरेश कुमार सेठ, जसवीर सिंह सिक्का, रमेश नागपाल, टोनी वीरजी, भूपेंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, अमरपाल सिंह,किशन लाल, हरजीत सिंह ग्रोवर,हरबिंदर सिंह धंजल व स्त्री सत्संग सभा की संगत की उपस्थित थी।

# बिंदुखेड़ा मार्ग के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र


## राईस मिलर्स एसोसिएशन ने उठाई मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एसोसिएशन ने मानचित्र के अनुसार बिन्दुखेड़ा रोड का निर्माण किये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी अग्रवाल, महामंत्री नरेश कंसल एवं कोषाध्यक्ष पंकज बांगा ने सौंपे गये ज्ञापन में कहा कि भारत सरकार एवं उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा कई बार मंचों से घोषणाएं की जा चुकी है, कि उत्तराखंड राज्य की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त होगी। लेकिन अभी तक कई सड़कों की हालत खस्ता है। बिंदुखेड़ा मार्ग के निर्माण के लिए स्थानीय विधायक शिव अरोरा से कई बार निवेदन किया जा चुका है। विधायक अरोरा भी अपने स्तर से सुधार के प्रस्ताव भिजवा चुके है एवं समस्या से अवगत हैं। पिछले 5 वर्ष से यह सड़क जर्जर हो चुकी है जिसके चलते इसमें प्रतिदिन हादसे होते रहते हैं। इस सड़क से 5 गाँव एवं क्षेत्र के लगभग 2500 परिवार एवं रुद्रपुर शहर की लगभग 50 हजार जनसंख्या प्रभावित है क्योंकि यह मार्ग शहर एवं सिडकुल आदि क्षेत्र का मुख्य वैकल्पिक मार्ग है। बिन्दुखेड़ा, रायपुर, अर्जुनपुर, अमरपुर, चित्तरंजनपुर आदि गांव इस मार्ग से जुड़े हुए है। सडक न बनने से सभी लोग बुरी तरह से प्रभावित है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रधान मंत्री से इस सड़क को तत्काल प्रभाव से बनाने के निर्देश देने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि गृहमंत्री ,केन्द्रीय परिवहन मंत्री, केन्द्रीय खाद्य मंत्री, मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भी प्रेषित की गयी है।

# अजीतपुर में ग्रामीणों और खनन माफिया में खूनी संघर्ष,फायरिंग में चार लोग घायल

काशीपुर । काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर में ग्रामीणों और खनन माफिया में खूनी संघर्ष हो गया। लगभग 20 से 25 मिनट तक फायरिंग हुई जिसमें चार लोग घायल हो गए। एक ग्रामीण के हाथ में छर्रे लगे हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले खनन माफिया मौके से फरार हो गए। अजीतपुर के ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन के वाहनों के उनके गांव से गुजरने का 3-4 दिन से विरोध कर रहे हैं। इस कारण अजीतपुर गोशाला रोड पर दिन-रात धरना देकर रखवाली कर रहे हैं। उनका कहना है कि ओवरलोड डंपरों से तेज रफ्तार के आने-जाने से हर वक्त हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के मुताबिक 2-3 दिन पहले खनन से भरे ओवरलोड वाहनों को रोका गया था। शनिवार को भी ग्रामीणों ने खनन वाहनों को रोका गया। रविवार सुबह भी ग्रामीणों ने खनन वाहनों को जब गांव से गुजरने से रोका तो खनन माफिया ने धमकी दी कि इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। आरोप है कि रविवार शाम अचानक कई वाहनों से 100-150 लोग असलहे, लाठी-डंडे आदि लेकर धरना स्थल पर पहुंच गए। इस दौरान ग्राम अजीतपुर के लगभग 15-20 लोग धरनास्थल पर बैठे हुए थे। हथियारबंद लोगों ने आते ही इन लोगों से मारपीट व फायरिंग शुरू कर दी। बताया जाता है लगभग आधा घंटा तक फायरिंग हुई। सूचना मिलने पर आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण कोश्यारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जब तक पुलिस टीम पहुंची हथियारबंद लोग मौके से फरार हो चुके थे। हमले में एक कार और एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हुई है। फायरिंग की घटना में ग्राम अजीतपुर के विक्रम जीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह, बलजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह के पैरों में गोलियों के छर्रे लगे हैं। गुरबूटा सिंह पुत्र बलकार सिंह के सिर में व जितेंद्र सिंह पुत्र रंजीत सिंह की हथेली में गोली के छर्रे लगे हैं। घायलों को निजी वाहनों से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय में लाया गया। जहां गुरबूटा सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। विक्रमजीत सिंह, बलजीत सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जितेंद्र सिंह का इलाज कर छुट्टी कर दी। ग्रामीणों ने बताया कुछ लोगों ने उन्हें पहचान लिया है। इस मामले में चार नामजद सहित अन्य दर्जनों लोगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर सौंपने की तैयारी की जा रही है। मामले को लेकर बड़ी संख्या मे ग्रामीण अस्पताल में एकत्र हो गए। भाजपा नेता दीपक बाली और पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और प्रशासन से हमलावरों को पकड़ने की मांग की। एसपी अभय सिंह, सीओ वंदना वर्मा आईटीआई और कुंडा थानों की पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से घटना के बारे में जानकारी ली और उनका हाल-चाल भी जाना। अजीतपुर गांव में जिस समय हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की उस समय ऐसा लगा जैसे दीपावली पर आतिशबाजी हो रही हो। ग्रामीणों के अनुसार करीब आधे घंटे तक फायरिंग हुई जिसमें लगभग ढाई सौ राउंड फायरिंग होने का अनुमान लगाया जा रहा है।




उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
युग पुरुष, उत्तराखण्ड के प्रणेता, जनप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री
"भारत रत्न"
स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की जयंती पर समस्त उत्तराखण्ड वासियों की ओर से
शत-शत नमन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# क्रिसमस कार्निवल में सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम










## हेल्पिंग हैंड संस्था के कार्यक्रम में आयोजित हुए रोमांचक खेल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हेल्पिंग हैन्ड संस्था द्वारा काशीपुर मार्ग पर एंबीयंस लांस में क्रिसमस कार्निवल कैंडीलैण्ड का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें अनेक स्कूलों के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों पी प्रस्तुत कर उपस्थित सैकड़ों लोगों की खूब तालियां बटोरी वही विभिन्न स्टालों पर जमकर खरीददारी भी की गई। कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बंपर हाऊजी गेम रहा जिसमे प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी व दूसरा पुरस्कार दो सौ ग्राम चांदी का था। आयोजित कार्नीवल पूरी तरह से बच्चों व उनके अभिभावको के मनोरंजन के लिए समर्पित रहा। आयोजन स्थल पर कई तरह के शॉपिंग स्टाल्स जिनमे खिलौने, रेडिमेड वस्त्र, खानपान, क्रोकरी आदि के साथ रोम जोन, फूड स्टाल्स, एक्टिविटी जोन के स्टाल लगे थे। वहीं कार्निवल में कार्टून परेड जिसमें सुपर हीरोज और कार्टून बच्चों के फेवरेट कार्टून कैरेक्टर ने जमकर धूम मचाई। इस दौरान बंपर हाऊजी भी आयोजित किया गया। कार्निवल में बच्चों के लिए स्टार गेजिंग और स्टार ओवजर्वेशन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेलकूद, कला, नए नए कौशल पर आधारित गतिविधियां करवाई गई। इन सबके साथ साथ विज्ञान से सम्बन्धित प्रयोग भी करवाए गए। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर लोग झूमने को मजबूर ही गए। कार्निवल में जुटाई राशि का इस्तेमाल चौरिटी के लिए किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित की सफल बनाने में संस्था की नैंसी बंसल, मानसी खंडेलवाल, विदुषी अग्रवाल, सृष्टि मित्तल, खुशबू अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, जूही गोयल, नेहा छाबड़ा, शिवानी गोयल आदि का पूरा सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाया क्रिसमस का पर्व गिरजाघरों में प्रार्थना कर काटे केक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के समस्त गिरजाघरों में आज क्रिसमस पर्व ईसाई समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गिरजाघरों को फूल मालाओं तथा रंगबिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। वहीं प्रार्थना स्थलों को भी भव्य रूप दिया गया। सभी गिरजारघरों में आज प्रात: से ही कार्यक्रम प्रारम्भ हो गये थे। गीत संगीत के साथ प्रार्थना स्थलों में गायक कलाकारों द्वारा प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान किया गया। वहीं बच्चों को उपहार भी वितरित किये गये। क्रिसमस पर्व को लेकर ईसाई समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। सांताक्लॉज की वेशभूषा में सजे बच्चे व अन्य लोग आकर्षण का केन्द्र बने रहे। नगर में आदर्श कालोनी में स्थित करूणा प्रार्थना भवन चर्च व सेंन्ट्रल मैथोडिस्ट चर्च, सिह कालोनी की शालोम एसेम्बली ऑफ गॉड चर्च, गंगापुर रोड की संत अन्ना कोथोलिक चर्च में आयोजित सामूहिक प्रार्थना में सभी की खुशहाली, सुख समृद्धि, देश के विकास, आपसी सौहार्द की मंगलकामनायें की गई। सभी गिरजाघरों में प्रभु ईशु के जीवन से जुड़ी कई झांकियां भी सजाई गई। गिरजाघरों में प्रात: से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। उन्होंने गिरजाघरों में मोमबत्ती जलाई। साथ ही सजाई गई आकर्षक ढांकियों के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मैरी क्रिसमस पर्व की शुभकामनायें दी।







## धूमधाम से निकली अक्षत कलश यात्रा, भव्य स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा यहां सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण से शुरू की गई जो नगर के मुख्य मार्ग होते हुए डी डी चौक, महाराणा चौक होते नगर के मुख्य सनातन धर्म मंदिर पहुंची। जहां पर पूजित अक्षत कलश भक्तों के दर्शन के लिए रखा गया है। यह अक्षत कलश जनवरी माह में अयोध्या में अयोध्या में होने वाले राम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित किया जाएगा। कलश यात्रा का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर से करते हुए श्री राम भक्तों ने श्री राम उद्घोष के साथ ही भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा को सफल बनाया तथा अयोध्या तो अभी झांकी है काशी मथुरा बाकी है के नारों से नगर गूंज उठा। कलश यात्रा संयोजक समिति के नगर प्रभारी सचिन चावला द्वारा अक्षत कलश यात्रा का संचालन किया गया तथा तमाम राम भक्तों ने कलश यात्रा के संचालन में भरपूर सहयोग दिया। कलश यात्रा के लिए पुलिस द्वारा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की हुई थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,श्रीकांत राठौर ,अजय तिवारी, विपिन जलहोत्रा,राजेश प्रताप सिंह, देवेंद्र शर्मा, राजेश कुमार रज्जी, लता तिवारी, धनीराम, बाला सरकार, मनमोहन सक्सेना स्वास्थ्य नहीं जा किशन गोयल प्रमोद ठुकराल राजकुमार बजाज दिनेश भाटिया शैलेश सक्सेना प्रवीण रहेजा चंदन जायसवाल शोभित शर्मा धनीराम, जानकी तिवारी, शैली फुटेला, आरती दुबे, विमला गंगवार, अंजू सक्सेना, वरुणा तिवारी,महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती दुबे, लता सिंह जानकी, तिवारी, पूनम अग्रवाल, दया डसीला, रेणुका चौधरी, अंजनी सोनी, कविता मान ,ज्योति जड़िया कुसुम गंगवार, सुनीता गंगवार करुणा तिवारी, रूपा तिवारी ,मुन्नी तिवारी, प्रेम राठौर, नीतू सिंह, सुशील मौर्य, प्रेमा राठौर , गीता ,मधु गुप्ता माधुरी बिसेन विमल गंगवार ,सुशील मौर्या,कल्पना पन्त ,नीरु पन्त, दीपा मठपाल, पुष्पा लोहनी आदि मौजूद थे।



गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान समिति द्वारा श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या से पूजित अक्षत देश भर के सभी घरों में वितरण करने का संकल्प लिया गया है। गदरपुर नगर में पूजित अक्षत पहुंचने पर सैकड़ों लोगों ने उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना की । अक्षत क्लश यात्रा आवास विकास स्थित शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर गूलरभोज रोड, मुख्य बाजार से होते हुए बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंची। यहां पर हिन्दु समाज के विभिन्न संगठनो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अक्षत कलश यात्रा में प्रभु श्रीराम रथ पर विराजमान थे और महिला संकीर्तन मंडल एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु श्रीराम के गुणगान एवं श्रीराम ध्वज के साथ नगर में धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा निकाली गयी। जिसका नगर में जगह-जगह प्रसाद वितरण के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सभी लोगों को अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडेय, लवली हुड़िया, रविन्द्र बजाज, पंकज सेतिया, नरेश हुड़िया, मनोज गुम्बर, अनिल जेटली ,अभिषेक वर्मा, सुरेश खुराना ,गोकुल खेड़ा, राकेश सुखीजा, केवल सुखीजा, सतीश मिड्ढा, राकेश भुड्डी, शिवम त्रिपाठी, राम प्रकाश ध्यानी, राजकुमार सुखीजा, प्रमोद बजाज, कुलबीरी चौधरी ,मीनाक्षी शर्मा ,राजबाला चौहान सहित काफी संख्या में महिलायें व पुरुष शामिल थे।



## नवोदय विद्यालय का एनएसएस शिविर आयोजित

कालाढूंगी(उद संवाददाता)।राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, कोटाबाग में संचालित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में शिरार्थियों द्वारा स्यात ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों को मतदान के महत्व व अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। शिविर के दूसरे सत्र बौद्धिक सत्र में पंडित इंद्रमणि बड़ौनी जी का जन्म दिवस मनाया गया। जिसमें बड़ौनी के चित्र का माल्यार्पण रजनी देवी ग्राम प्रधान स्यात गांव, प्राचार्य हरीश चंद्र बिनवाल, उपाचार्य श्री अरविंद गेजवाल, कार्यक्रम अधिकारी चेतन प्रकाश तिवारी व शिक्षिका मेघा रावत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वयंसेवी नेहा, पारस, लकी आदि द्वारा भाषण प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा नशामुक्ति विषय पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। समस्त अतिथियों ने शिरार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इंद्रमणि बड़ौनी के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। शाम के सत्र में हार्टफुलनेस संस्था के डा विवेकानंद पाठक व हेम चन्द्र ढौंडियाल ने ध्यान योग की जानकारी दी तथा संस्था के मास्टर ट्रेनर यशवंत बिष्ट जी ने कार्यक्रम में हैदराबाद से ऑनलाइन माध्यम से ध्यान का प्रेक्टिकल अभ्यास कराया। शिविर कार्यक्रम अधिकारी चेतन प्रकाश तिवारी के निर्देशन में संचालित हो रहा है।



## स्काय एसोसिएशन आफ उत्तराखंड की राज्य टीम का चयन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मेट्रोपोलिस कॉलोनी में जयपुर में होने जा रही 24 वी राष्ट्रीय स्काय प्रतियोगिता के लिए किया गया जिसमें विभिन्न जिलों से उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपना चयन सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि स्काय एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष विकास शर्मा ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा पदक जीतकर उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करें। संस्था के महासचिव मोहम्मद हसन खान ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि अनुशासन में रहकर अच्छे खेल का परिचय दें और ज्यादा से ज्यादा पदक अर्जित करें। प्रतियोगिता जयपुर में 3 जनवरी से 6 जनवरी तक होगी। उत्तराखंड राज्य की टीम 2 जनवरी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जयपुर रवाना होगी। इस मौके पर एसोसियेशन के उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान एवं प्रशिक्षक शिव चरन सिंह,मनीत कुमार, सुदीश राय,राजवीर सिंह, मनदीप कौर,राजेंद्र सिंह, नवदीप सिंह, कुबेर भारती,शंकर सिंह कश्यप, शानू कश्यप, नीरज यादव, मोना सिंह, आरती पुजारी, विशाल शर्मा, जीतू मौर्या, आरुषि, ज्योति एवं खिलाडियों के अभिभावकगण मौजूद थे।



# डीएम ने की नगर निगम के कार्यों की समीक्षा

काशीपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं निगम प्रशासक उदयराज सिंह ने नगर निगम काशीपुर कार्यालय पहुंचकर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि रूटीन के कार्य नगर आयुक्त द्वारा संचालित एवं क्रियान्वित की जायेंगे। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नीतिगत निर्णय प्रशासक के तौर पर उनके द्वारा स्वयं लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नियमित काम चलते रहेंगे और कामों में रुकावट या बाधा नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में दिक्कत नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का जनता के हित में और अधिक बेहतर उपयोग हो। उन्होंने सफाई व्यवस्था को सर्वोपरि रखने तथा लाइटिंग पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को भी सुधारने की दिशा में कार्य किए जाएंगे ताकि जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने नगर निगम को सर्विस सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा नगर निगम की आय बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी सार्वजनिक सुलभ शौचालयों को एक सप्ताह के भीतर सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सॉलिड वेस्ट का उचित निस्तारण करने, शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने, कूड़ा निस्तारण हेतु साइंटिफिक पॉइंट्स को शामिल करते हुए टैंडर करने, वेंडिंग जोन हेतु तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम में टैक्स कलेक्शन की बहुत अधिक संभावनाएं हैं, टैक्सेशन बढ़ाने के लिए, सुविधाओं को भी और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा की निगम के आय के स्त्रोतों एवम संसाधनों में वृद्धि हो और निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सर्विसेज बेहतर हों। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में शामिल सभी 16 गांव की सरकारी संपत्ति का डेटा नगर आयुक्त तक उपलब्ध कराने और प्रत्येक जमीन की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने कार्यालय अधीक्षक को संपत्ति रजिस्टर की एक और प्रति तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त विवेक राय, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला उपस्थित थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# शराब घोटाले की जांच

अपनी ईमानदार छवि के लिए सियासी खम भरने वाली केजरीवाल सरकार में शामिल कैबिनेट मंत्रियों की गिरफ्तारी के बाद शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से भ्रष्टाचार का काला धब्बा लगाकर राजनीतिक रंग दे दिया गया है। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी और उसके तहत किसी प्रकार का घोटाला हुआ ही नहीं। फिर उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कि वह दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और उसे काम नहीं करने देना चाहती। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तीसरी बार नोटिस भेजा है। पहली बार वे इस तर्क पर हाजिर नहीं हुए कि ईडी ने अपने पत्र में उन्हें बुलाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया था। तब उन्होंने पूछा था कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है, दिल्ली के मुख्यमंत्री या फिर आम आदमी पार्टी के संयोजक की हैसियत से। दूसरी बार के नोटिस पर भी उन्होंने लगभग इसी आशय का पत्र लिख कर स्पष्टीकरण मांगा और कहा था कि ईडी का नोटिस राजनीति से प्रेरित है। हालांकि इस महीने मिले नोटिस में दिए गए समय पर वे अपने पहले से तय विपश्यना कार्यक्रम के लिए बाहर रहने वाले थे। अब शायद उनके पास ऐसा कोई तर्क न हो। अरविंद केजरीवाल लगातार बयान देते रहे हैं कि वे कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं और उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए स्वाभाविक ही पूछा जाता है कि अगर ऐसा है तो वे प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से बचने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। उन्हें निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखना ही चाहिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में ईमानदार हैं और शराब घोटाले में उनकी कोई भूमिका नहीं रही है। मगर शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से राजनीतिक रंग दे दिया गया। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी और उसके तहत किसी प्रकार का घोटाला हुआ ही नहीं। फिर उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कि वह दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और उसे काम नहीं करने देना चाहती। मगर शराब घोटाला संबंधी जांचों में मिले तथ्यों के आधार पर आम आदमी पार्टी के दो नेता सलाखों के पीछे जा चुके हैं। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह दोनों की जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए अदालत कह चुकी है कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दोनों के इस घोटाले में शामिल होने के तथ्य मिले हैं। इसलिए अब दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के पास यह तर्क नहीं रह गया है कि दिल्ली शराब घोटाला उपराज्यपाल की तरफ से रची गई साजिश जैसा बेबुनियादी मामला है। इस मामले को लेकर पहले ही काफी भ्रम फैलाया जा चुका है, अब इसकी हकीकत पर से पर्दा उठने का इंतजार सभी को है। यह तभी हो सकता है, जब इससे संबंधित जांच पूरी हो सकें। जब भी किसी सत्ताधारी दल या उसके नेता पर किसी अनियमितता के आरोप लगते हैं, तो वे प्रायः उन्हें बेबुनियाद और सरकार को अस्थिर करने की साजिश के रूप में ही प्रचारित करने का प्रयास करते हैं। इस तरह इतनी बार राजनीतिक बयानबाजियों और सड़कों पर धरने-प्रदर्शन आदि आयोजित किए जाते हैं कि आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन जाती है। जबकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपेक्षा की जाती है कि संबंधित नेता साक्ष्य के जरिए उन आरोपों को खारिज करें और जनता के सामने खुद को निर्दोष साबित कर सकें। आम आदमी पार्टी के नेता और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी का दावा करते नहीं थकते। इसलिए अब उन्हें हकीकत सामने लाने में सहयोग करने से नहीं बचना चाहिए। यह भय दिखा कर लोगों को भ्रमित करने से भी बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता कि ईडी उन्हें जेल में डालना चाहती है।

# नगर पंचायत की उदासीनता से परेशान व्यापारियों ने उठाई झाड़ू

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त होते ही नगर पंचायत की उदासीनता खुलकर सामने आ गई। परेशान व्यापारी दुकानों के आगे झाड़ू लगाने में मजबूर हो गए हैं। नगर पंचायत की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है सफाई कर्मी अपनी मर्जी करने में जुटे हुए हैं। नगर में सफाई व्यवस्था लड़खड़ा गई है। नगर पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी इन कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की सुध नहीं ले रहे हैं। सफाई अपनी मनमर्जी पर उतारू हो गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि सफाई कर्मी झाड़ू लगाने नहीं आ रहे हैं व्यापारी खुद ही दुकानों के आगे झाड़ू लगाने में मजबूर हैं। सफाई कर्मचारी दुकानों के आगे झाड़ू ना लगने से व्यापारियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार नियमित सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारियों को कहा जा चुका है इसके बावजूद भी सफाई कर्मचारी अपने धुन में ऐसे सवार है कि उन्हें लोगों की परेशानी की तरफ कोई ध्यान नहीं है। नगर पंचायत का गठन होने से व्यापारी अपने संसाधनों में सफाई संभालते थे लेकिन नगर पंचायत का गठन होने के बाद व्यापारियों ने इस उम्मीद में नगर पंचायत सफाई की व्यवस्था करेगी। नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त होते ही नगर में व्यापारिक खुद झाड़ू लगाने में मजबूर हैं। लोगों में नगर पंचायत के प्रति रोष पनपता दिखाई दे रहा है। नगर में सफाई व्यवस्था का जिम्मा नगर पंचायत का है। सफाई व्यवस्था बनाए जाने को लेकर सरकार लाखों रुपए खर्च करती है। उसके बाद भी पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती है। कई बार सफाई कर्मचारी सफाई करने में आना कानी करते हैं और सफाई के बगैर ही चले जाते हैं। नगर के कई वार्डों में सफाई कर्मचारी पहुंच नहीं पा रहे हैं। साफ सफाई के लिए रखे गए सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर नहीं हैं और शहर में नियमित सफाई के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।



## सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नायक के खिलाफ हो कार्रवाई

नानकमत्ता। व्यापारियों का कहना है कि सफाई कर्मचारी सफाई नायक के नेतृत्व में कार्य करती है अगर सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई पाई जाती है तो सफाई नायक पर कार्रवाई होनी चाहिए और सफाई नायक पर इसका जुर्माना लगाया जाना चाहिए। ताकि नगर में सफाई व्यवस्था के पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

# छात्रसंघ उपाध्यक्षा शिवानी ने सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय की छात्रसंघ उपाध्यक्षा शिवानी शर्मा ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखण्ड राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय में कैंटीन से लेकर छात्र हॉस्टल खेल मैदान तक सड़क निर्माण करवाने का आग्रह किया है। श्री दत्ता ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री से स्वयं भी वार्ता करेंगे।



# धूमधाम से मना वाजपेयी का जन्म दिन

गूलरभोज (उद संवाददाता)। भाजपा नेता संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, रामकिशन दाहूजा, संजीव कुमार गुप्ता, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, गोविंद राजभर, सचिन दाहूजा, अंकित ढल्ला, राजू पासवान, प्रेम रावत, भूपेंद्र कोश्यारी, हरेंद्र तोमर, युवराज गुप्ता, हिमांशी गुप्ता, अमित कुमार, रोहित, विजय यादव आदि उपस्थित थे।



# भाजपाईयों ने मनाया सुशासन दिवस

लोहाघाट (उद संवाददाता) पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को लोहाघाट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। लोहाघाट के एनएफसी एनक्ससी भवन में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र में माल्यार्पण वपुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया तथा देश के लिए उनके द्वारा किए गए महान कार्य को याद किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी ने कहा अटल जी जैसा कोई नहीं है उनके द्वारा



जीवन भर करे गए त्याग के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तथा बतौर प्रधानमंत्री उनके द्वारा देश को नइ बुलंदियों पर पहुंचाया गया वह पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। आज उनकी जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, गंगा पाटनी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, नरेश करायत, महेश बोहरा, रेनु गढकोटी, चंद्रशेखर बगोली, मोहन पाटनी, गौरव कुमार, सूरज कुमार, पंकज ढेक, बलवंत गिरी, भुवन बहादुर, उमेश, दीप कमल गहतोड़ी आदि कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली को किया नमन

देहरादून (उद संवाददाता) राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पेशावर कांड के महानायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' की जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में उनका अग्रणी योगदान रहा है और वे उत्तराखण्ड की धरोहर है। वीर चन्द्र सिंह ने निहत्थे सैनिकों पर गोली चलाने के आदेश को अस्वीकार कर महान देशभक्ति का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि पेशावर क्रांति के बाद वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' राष्ट्र के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पंक्ति में खड़े हो गये।

# क्षेत्रवासियों ने विधायक बेहड़ के समक्ष रखी समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड़ ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड़ के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रातः काल से ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगा रहा। जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड, बिजली, आर्थिक साहयता दिलाये जाने जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान भगवान् देई पत्नी मंगन लाल पुरानी गल्ला मंडी किच्छा निवासी ने आर्थिक सहायता, राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री किशन सिंह शान्तिपुरी न०-01 निवासी ने आर्थिक सहायता हेतु, उमेश चन्द्र ग्राम प्रधान तुर्कागौरी ने गाँव में 100 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने, शुभान्ति देवी पत्नी गोपाल निवासी तुर्कागौरी ने वृद्धा पेंशन बनाये जाने की मांग रखी। बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना अधिकाँश समस्याओं का निश्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष बची समस्याओं का निश्तारण हेतु सबको आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा।

# वीर बाल दिवस पर धार्मिक आयोजन 28 को

गदरपुर (उद संवाददाता)। मकरंदपुर गांव की रहने वाली सामाजिक कार्यकर्ता मनप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि साहब जादा चौक पर शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में वीर बाल दिवस कार्यक्रम 28 दिसंबर को मनाया जायेगा। जिसमें दूर-दूर से संगत पहुँचेगी। उन्होंने बताया कि इन्हीं दिनों में गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों माता का भी बलिदान हुआ था देश की रक्षा करने के लिए और अधर्मियों के आगे ना झुकते हुए इन वीर शहीदों ने जिसमें गुरु गोविंद सिंह की माता गुजरी भी शामिल हैं ने अपने प्राण देश पर न्योछावर कर दिए। तत्कालीन मुगल सरकार ने दबाव बनाया था कि वह इस्लाम स्वीकार कर लें जबकि गुरु गोविंद सिंह के-साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह छोटे साहिबजादे से लेकर बडे साहिबजादे जिनकी उम्र 19 वर्ष तक बताई गई है ने इस्लाम धर्म स्वीकार न करके सिख धर्म और मानवता के लिए अपनी शहीदी दे दी। उनकी याद में साहबजादा चौक पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने संगत से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# नर्सिंग अधिकारियों पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मुद्दों पर जनता को शिक्षित करने का दायित्व : सीएम



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित, मुख्य सेवक सदन में उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित कुल 1376 नर्सिंग अधिकारियों में से 200 को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। शेष सभी अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि चयनित सभी नर्सिंग अधिकारी लगन व कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग अधिकारी का दायित्व बहुत महत्वपूर्ण है। ग्राउंड लेवल पर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मुद्दों पर जनता को शिक्षित करने का दायित्व भी नर्सिंग अधिकारियों पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत योजना प्रदेशवासियों के लिए वरदान साबित हुई है। राज्य में सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले,इसके लिए राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड अटल आयुष्मान योजना से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत को क्षय मुक्त बनाने के लिए 2025 का लक्ष्य के सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा 2024 तक उत्तराखण्ड को क्षय मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी नर्सिंग अधिकारियों को अहम भूमिका होगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी विचार रखे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, विधायक श्री विनोद चमोली, श्री उमेश शर्मा काऊ, श्री खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, श्री राजकुमार पोरी समेत विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

# पद्म श्री बसंती बिष्ट ने सीएम धामी से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की विख्यात जागर गायिका 'पद्म श्री' से सम्मानित बसंती बिष्ट ने आज मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम धामी के साथ प्रदेश की लोककला के संरक्षण पर चर्चा की। रविवार को उत्तराखण्ड की विख्यात जागर गायिका 'पद्म श्री' से सम्मानित बसंती बिष्ट ने मुख्यमंत्री धामी से शासकीय आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम धामी से प्रदेश की लोककला के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त बसंती बिष्ट उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली के देवाल ब्लॉक के ल्वाणी गांव की हैं। उनका जन्म 14 जनवरी 1952 को हुआ। बसंती देवी 5 वीं तक ही पढ़ाई कर सकीं और मात्र 15 साल की छोटी उम्र में उनकी शादी हो गई। बसंती देवी ने अपनी मां से लोकसंगीत को करीब से जाना और सीखा। गांव में लगने वाले नंदा देवी लोकजात से लेकर राजजात के साथ ही अन्य कई कार्यक्रमों में जाकर उन्होंने जागर को सीखा। लेकिन कभी मंच पर हीं गाया। 45 साल की उम्र में देहरादून में गढ़वाल सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति दी। जिसके बाद उनकी आवाज का जादू हर किसी पर छा गया और आज वो 'पद्म श्री' प्राप्त कर चुकी हैं।



# जंगल में भड़की आग से सेब के बगीचे जलकर राख

त्यूणी। देवदार खत के सीमांत सैंज-तराणू पंचायत से जुड़े आसपास के खेडों में जंगल से फैली आग की चपेट में आने से आठ अन्य ग्रामीणों के सेब बगीचे जल गए। पिछले दो दिन में जंगल की आग से 17 ग्रामीणों के सेब बगीचों को नुकसान पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों की सेब बगीचों को तैयार करने में लगी पूरी मेहनत बेकार चली गई। सीमांत तहसील के सैंज-तराणू पंचायत निवासी कई ग्रामीण किसानों के खेड़ा उदरोट, बसलाड, डांगूठी-सिरलाडी में सेब बगीचे हैं। ग्रामीणों ने बताया बगीचों से सटे पास के जंगल में तीन दिन पहले भीषण आग लगने से चारों तरफ फैल गई। आग की चपेट में आने से खेड़ा बसलाड और डांगूठी-सिरलाडी में स्थानीय कृषक दयाराम राणा, जमाराम शर्मा, प्रताप राणा, मातबर शर्मा, धन सिंह शर्मा, ओम प्रकाश, सतीश शर्मा व निकाराम समेत आठ अन्य ग्रामीणों के सेब बगीचे जल गए। जंगल से भड़की आग की चिंगारी बगीचों तक पहुंचने से प्रभावित बागवानों के दो हजार से अधिक सेब के पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने कहा बगीचे में लगे दो से सात वर्ष की आयु वाले सेब के पेड़-पौध आग की भेंट चढ़ने से उनकी पूरी मेहनत बेकार चली गई। इससे बागवानों को लाखों का नुकसान हुआ है। सेब बगीचे तबाह होने से किसानों को हुए भारी नुकसान की भरपाई करना उनके लिए मुश्किल है। टोंस वैली से सटे जंगलों में कई जगह आग लगने से चारों तरफ धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है। हर तरफ धुंध छाने से क्षेत्र में दमे के रोगियों को भी सांस लेने में दिक्कत आ रही है। बता दें बीते शनिवार को खेड़ा उदरोट में जंगल की आग से नौ ग्रामीण किसानों के करीब डेढ़ हजार सेब के पेड़ जल गए थे। आगजनी की घटना से अब तक 17 किसानों के साढे तीन हजार सेब के पेड़-पौधे जल गए। वहीं प्रभारी तहसीलदार त्यूणी ग्यारूदत्त जोशी ने क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक को मौके पर जाकर आग से हुए नुकसान की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



# धूमधाम से मना एसडीएसएन इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

दिनेशपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। एस डी एस एन इंटर कॉलेज दिनेशपुर में 25 व वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, प्रधानाचार्य मेघना व्यापारी, प्रबंधक सुभाष व्यापारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य मेघना व्यापारी ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिया जा रहा है। 2023-24 से बांग्ला भाषा स्वैच्छिक तौर पर प्रारंभ किया गया है। देश भक्ति पर भी बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट ज्योति जोशी द्वारा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन रवि सरकार ने किया। मुख्य अतिथि तिलक राज बेहड़ ने अच्छी और गुणवत्ता प्राप्त शिक्षा देने पर जोर दिया और कहा शिक्षा अत्यंत जरूरी है जीवन के विकास के लिए दो-दो बार उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में इंटर के छात्रों द्वारा मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया गया यह विद्यालय की बहुत बड़ी उपलब्धि है और आगे निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष राय ने की। प्रबंधक सुभाष व्यापारी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती मेघना व्यापारी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत एवं अभिवादन किया और कहा संस्था को 25 वर्ष पूरे हो गए हैं और इन 25 वर्षों में बहुत से बच्चे इस संस्था से अच्छी शिक्षा लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। अच्छे नागरिक बनाने एवं गुणवत्ता परख शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्था सदैव प्रतिबद्ध है । सुमिलन कुमार, राकेश कुमार, महानंद राय, सुशील भक्त, अर्पिता बाला ,विशंभर लाल मिगलानी, रोहिताश्व मल्लिक, नीटू गाबा, खड़क सिंह, प्रकाश सिंह कोश्यारी, विजय सिंह, विकास सरकार,मनोज राय, गोपाल चक्रवर्ती, सीमा सरकार,लक्ष्मी राय, सुनीला मंडल, सतीश बत्रा, नारायण हालदार, योगेश मिगलानी, हीरा जंगपांगी, दीपक मक्कर, समीर राय, पलाश विश्वास, रमेश गुगलानी आदि थे।



## पेज एक का शेष...

**जुलूस निकालने को लेकर..**की देखरेख में वन विकास निगम खनन कराता है। लेकिन इस बार खनन रॉयल्टी निजी हाथों में दे दी गई है। उन्होंने कहा कि गौला नदी में खनन से सरकार को 200 करोड़ का राजस्व मिलता है तो हजारों खनन श्रमिक, डंपर चालक और वाहन चालक की रोजी रोटी भी इसी से चल रही है। पम्मी सैफी ने कहा कि गौला नदी में पूर्व में खनन कराने की जिम्मेदारी निजी ठेकेदार के हाथ थी। तब खूब आपराधिक वारदातें हुआ करती थी। गौला नदी में बहुत बमुश्किल से खनन पटरी पर आया है। अब सरकार फिर से यहां पर माफियाराज फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा निजीकरण की साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान पम्मी सैफी अध्यक्ष गौला संघर्ष समिति, अरशद अयूब, पंकज पाण्डे, नफीस, सतनाम सिंह, सुखजीत सिंह, सईद, बबलू, पृथ्वी पाठक, उमेश भट्ट, सरदार सुरजीत सिंह, हरीश पाण्डे, फईम आदि सैकड़ों खनन कारोबारी मौजूद थे ।

**अवैध शराब के खिलाफ...**से भरी रबड़ की ट्यूब जिसमें लगभग 50 लीटर अवैध शराब भरी थी। खेत के बीच में लगी भट्टी का राजेन्द्र सिह उर्फ राजू पुत्र जसवन्त सिह निवासी बिन्दुखेडा का होना पाया गया जिनको तोडकर ड्रमो मे भरे लहन को नष्ट किया गया तथा काले रंग की प्लास्टिक की पन्नीयो मे भरे गढ़ढो मे रखे लहन लगभग 1000 लीटर को मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर शराब बनाने के उपकरण 02 पाइप व मिट्टी की 04 मटकी, 04 ड्रम लोहे के . 02 कनिस्टर को कब्जे पुलिस व 01 शराब से भरी रबड़ की ट्यूब जिसमें लगभग 50 लीटर अवैध शराब भरी थी, खेत के दाँये किनारे में स्थित अवैध कच्ची शराब की भट्टी का कुलबन्त पुत्र अज्ञात निवासी बिन्दुखेडा थाना का होना पाया गया जिनको तोडकर ड्रमो मे भरे लहन को नष्ट किया गया तथा काले रंग की प्लास्टिक की पन्नीयो मे भरे गढ़ढो मे रखे लहन लगभग 1000 लीटर को मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर शराब बनाने के उपकरण 02 पाइप व मिट्टी की 04 मटकी, 04 ड्रम लोहे के 02 कनिस्टर को कब्जे पुलिस व 01 शराब से भरी रबड़ की ट्यूब जिसमें लगभग 50 लीटर अवैध शराब भरी थी तथा एक बिना नंबर की मोटर साईकिल भी बरामद की गयी। पुलिस ने फरार शराब तस्कर बिट्टू पुत्र जसवन्त निवासी बिन्दुखेडा ,कुलविन्दर उर्फ करन पुत्र शमशेर सिंह, राजेन्द्र सिह उर्फ राजू पुत्र जसवन्त सिह निवासी बिन्दुखेडा ,कुलबन्त पुत्र अज्ञात निवासी बिन्दुखेडा थाना तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कार्यवाही करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौड़ ,एसएसआई कमाल हसन ,अर्जुन गिरी, कांस्टेबल विशाल रावत,हरीश चन्द्र सनवाल ,कैलाश सिंह मेहरा ,कैलाश चन्द्र आदि शामिल थे।

**जयंती पर पूर्व ..**पार्टी उनकी जयंती को विभिन्न रूप में मानने का कार्य कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी की दो सांसदो वाली पार्टी उनकी विचारधारा को आगे बढ़ते हुए आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और पिछले दो बार से पूर्ण बहुमत की देश मे सरकार हैं। अटल बिहारी के सपनों के भारत को बनाने की दिशा में अनवरत कार्य कर रही है। विधायक ने कहा आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा को तेजी से आगे बढ़ रही है। अटल बिहारी वाजपेयी सदैव हम सभी के दिल मे वास करते हैं और सभी कार्यकर्ता उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने हेतु संकल्पबद्ध है। इस दौरान दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल,मडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, जिला महामंत्री अमित नारंग, सोनू अनेजा, वेद ठुकराल,धीरेंद्र मिश्रा, रश्मि रस्तोगी, प्रमोद शर्मा, डम्मी चोपड़ा, मनोज मदान, बिट्टू चौहान, मदन दिवाकर व अन्य लोग मौजूद रहे।

**डंपर की टक्कर से ....**के भरे डंपर से हादसा होने से नाराज लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची कलियर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन युवक की कोई पहचान नहीं हो पाई है। कलियर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि युवक की शिनाख्त कराई जा रही है। साथ ही डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

**कैंटर की टक्कर से .**को टक्कर मार दी। हादसे में किशोर पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की एक साल पहले ही शादी हुयी थी। उसकी पत्नी गर्भवती है।

**महिलाओं में जमकर...**तैयार में बैठे हुए थे। जैसे ही उनके घर के सामने पहुंचे तो सभी लोग अचानक से घर से बाहर निकले और बुरी तरह मारने पीटने लगे। जिससे सभी को गंभीर चोटें आ गई। एक बहन मौके पर ही बेहोश हो गयी। शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगो ने बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है

**जोमेटो कर्मियों..**परेशानियां आ रही हैं। प्रदर्शन करने वालों में प्रेस पाल, राहुल कश्यप, रामनाथ, टिंकू चौहान, मुनेंद्र, गुड्डू, सतपाल सिंह, अभिषेक मिश्रा, विशाल दुबे, मुकेश, राजीव, सुखविंदर, बिपलब सरकार, सनी, विशाल, अजय चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने दी सुशासन दिवस की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के धनी और लोकप्रिय राजनेता रहे हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्यपाल ने भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। शिक्षा के क्षेत्र उनका बहुमूल्य योगदान सदैव याद किया जाएगा। राज्यपाल ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता हेतु सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुशासन बेहद महत्वपूर्ण है। सुशासन ही किसी देश के विकास की प्रथम सीढ़ी होती है, जिसके माध्यम से देश के विभिन्न अंगों का संचालन विवेकपूर्ण और सुशासित तरीके से होता है।

# लिव इन रिलेशन में युवक ने बेटी और युवती को पीटकर घर से निकाला

देहरादून। गैर समुदाय के एक युवक ने पहले नाम बदलकर हिंदू युवती से दोस्ती की। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसे दो साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रखा और कई बार दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले जब युवती ने बेटी को जन्म दिया तो आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए उसे पीटकर घर से निकाल दिया। इसके साथ ही धमकी भी दी कि इस बारे में किसी को बताने पर बेटी समेत जान से मार देगा। युवती की शिकायत पर पटेल नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पटेल नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र की एक युवती ने शनिवार को तहरीर दी थी। इसमें बताया कि उसकी पहचान दो वर्ष पहले आर्यन निवासी माजरा से हुई थी। आरोपी ने पहचान छिपाकर उससे दोस्ती की और फिर शादी का आश्वासन दिया। इस पर युवती उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। कुछ माह पहले युवती गर्भवती हो गई, जिसके बाद उसने एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि अब युवक शादी से इनकार कर रहा है। उसने 19 दिसंबर को युवती को पीटा और बेटी समेत घर से निकाल दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रधान के प्रयासों से रामजीवनपुर में मेन रोड के लिए बजट पास

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत रामजीवनपुर के प्रधान फुरकान अली द्वारा कुछ समय पहले कृषि उत्पादन मंडी समिति को राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 74 से मनोज डाबर के खेत तक कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़े रोड का प्रस्ताव बनाकर भेजा था। ग्राम प्रधान ने पत्र में बताया था कि उक्त रास्ते में बरसात में पानी भर जाता है और गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है जिसको संज्ञान में लेते हुए कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड मंडी समिति रुद्रपुर ने एन एच 74 से मनोज डाबर के खेत तक एवं बाई और राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामजीवनपुर नंबर 2 तक डमरीकरण के कार्य के लिए लगभग 33 लख रुपए का बजट पास किया है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'आम जन' पर मंडराते 'खतरे' पर नगर निगम 'उदासीन'

## राज्य सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश पर निगम द्वारा धरातल पर अमल कब तक ? निगम के पास पालतू एवं आवारा कुत्तों संबंधी आंकड़े उपलब्ध नहीं कैसे बनेगी भविष्य की कार्य योजना?

-अर्श-

रूद्रपुर। नगर निगम का प्रशासनिक नियंत्रण जन प्रतिनिधियों के हाथ से निकलकर प्रशासनिक हाथों पर पहुंचने के बाद, यह उम्मीद जगी थी कि शायद नगर निगम अब जनहित के मुद्दों पर त्वरित निर्णय लेकर तत्काल असरकारक कार्यवाही करना आरंभ करे, लेकिन ऐसा लगता है जैसे नगर निगम के वर्तमान प्रशासनिक प्रभारी की कार्य इच्छा शक्ति निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से भी लचर है । कदाचित यही कारण है कि नगर निगम जन सामान्य पर पालतू एवं आवारा कुत्तों के बढ़ते संकट को लेकर अभी तक हरकत में नहीं आ पाया है, जबकि राज्य सरकार द्वारा रुड़की में पिटबुल के हमले में महिला की मौत के बाद ही आवश्यक दिशा जारी कर दिए गए है। यह अलग बात है कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश भी उत्तराखंड में दिनों दिन बढ़ रही पालतू कुत्तों को लापरवाही पूर्ण तरीके से खुला छोड़ने की प्रवृत्ति एवं आवारा कुत्तों की बढ़ती गुणात्मक संख्या की विकराल समस्या का कोई संतोषजनक एवं तात्कालिक हल प्रस्तुत करती नहीं दिखती। बल्कि ऐसा जान पड़ता है जैसे नागरिकों पर आवारा एवं लापरवाही पूर्ण ढंग से





खुला छोड़ दिए गए पालतू कुत्तों के जानलेवा आक्रमण के बाद दायित्वाधिकारियों द्वारा कई तरह के प्रयोग किए जाएंगे और कई तरह के प्रयोग के बाद जाकर कहीं कोई निरोधात्मक उपाय अमल में लाया जाएगा। रुड़की में पिटबुल के जानलेवा हमले के परिणाम स्वरूप महिला की मौत के बाद शहरी विकास विभाग के निदेशक नितिन भदौरिया द्वारा जारी एसओपी के अनुसार खूंखार कुत्तों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई के लिए उत्तराखंड के सभी निकायों में एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी खूंखार कुत्तों के काटने की शिकायतों की जांच करेगी। इस दौरान शिकायतकर्ता की जानकारी दर्ज करने के साथ ही उस क्षेत्र का दौरा किया जाएगा। कुत्ते के काटने की पुष्टि के बाद डॉग स्क्वायड कुत्ते को पकड़ेगी और उसे सात दिन निगरानी में रखेगी।इसके बाद भी कुत्ते के काटने का खतरा लगता है तो उसे कुछ और समय को निगरानी में रखा जाएगा।तीन हफ्ते की निगरानी के बाद भी समिति को लगता है कि कुत्ते के काटने का खतरा बरकरार है, तो उसे मूल स्थान पर नहीं छोड़ा जाएगा।उसे चिकित्सा के साथ फिर दो माह निगरानी में रखा जाएगा।यह तय होने के बाद ही कि कुत्ते में पूरा सुधार हो गया है, उसे मूल स्थान पर छोड़ा जाएगा ।स्पष्ट है कि स्थानीय निकायों में बनाई जाने वाली एनिमल बर्थ कमेटी अपना ध्यान और समय केवल हमला करने वाले कुत्तों के सुधार पर लगाएगी और हमलावर कुत्ते के पालतू होने की स्थिति में कुत्ता पालने वाले पर क्या कार्यवाही की जाएगी ? इस पर शहरी विकास विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश पूरी तरह मौन है। कुछ अरसा पूर्व सुनने में आया था कि स्थानीय निकायों द्वारा कुत्ता पालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य करने की कार्य योजना बनने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन इस तरह का कोई विचार ,आम जन पर कुत्तों के जानलेवा हमले की खबरें सामने आने के बावजूद भी, धरातल पर किसी नियम अथवा कानून का स्वरूप लेता नहीं दिखाई पड़ रहा है। बात रुद्रपुर नगर निगम की करें तो निगम के पास ना तो शहर के आवारा कुत्तों की संख्या की कोई जानकारी ही है और ना ही निगम में आवारा कुत्तों को रेबीज का टीका लगे होने अथवा ना लगे होने संबंधी कोई आंकड़ा उपलब्ध है। और तो और, रुद्रपुर नगर निगम में इस संबंध में भी कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत खतरनाक प्रजाति के कितने पालतू कुत्ते हैं और उन्हें रेबीज का टीका लगा भी है अथवा नहीं। ऐसे में इस बात की अपेक्षा बेमानी है कि नगर निगम में एनिमल बर्थ कंट्रोल जैसी कोई प्लानिंग फाइलों में कहीं कोई आकर ले रही होगी। देखने में आया है कि रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि तो दर्ज की ही जा रही है साथ ही कुत्ता पालन संबंधी किसी नियम के अभाव में कुत्ता पालकों द्वारा पालतू कुत्तों को लापरवाही पूर्ण ढंग से खुला छोड़ देने की प्रवृत्ति भी अपने चरम पर है। बताने की जरूरत नहीं की फलों द्वारा लापरवाही पूर्ण ढंग से छोड़ दिए गए पालतू और शहर के लगभग हर चौराहे पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्ते आए दिन जन सामान्य पर जानलेवा हमला करते रहते ही रहते हैं साथ ही नगर की सफाई व्यवस्था पर भी एक प्रश्न चिन्ह लगा देते हैं । बहरहाल निकट भविष्य में यह देखना दिलचस्प रहेगा की शहर वासियों पर मंडरा रहे आवारा एवं लापरवाही पूर्ण छोड़ दिए जाने वाले पालतू कुत्तों के खतरे पर अब तक उदासीन ,नगर निगम शहरी विकास निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के बाद कोई कारगर कदम उठाता है अथवा नहीं?

# अमेनिटी में फ्रॉस्टी टिकल्स वार्षिकोत्सव की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अमेनिटी पब्लिक स्कूल किंडरगार्टन में फ्रॉस्टी टिकल्स वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्यता युक्त महोत्सव ने सभी को रोमांचित कर दिया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने इस महोत्सव का उद्घाटन किया गया। छोटे बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एक बड़े मजेदार समारोह की तरह थे जहाँ उन्होंने अपनी विभिन्न परंपराओं और काम करने के तरीकों को दिखाया। नन्हे अमेनाइट्स की अनोखी और खुशहाल दुनिया एक हर्षित और चंचल गीत की



तरह थी जिसने सभी को मत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के आयोजन में क्रिएटिव कॉर्नर, फन राइड्स और फूड हब सहित रचनात्मक क्षेत्रों और स्टालों का प्रदर्शन किया गया, जिससे माता-पिता और आगंतुक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि विशाल मिश्रा ने दूरदर्शी प्रबंधन, विद्वान शिक्षकों और प्रतिभा शाली और होनहार छात्रों को शानदार प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। स्कूल प्रबंधन सुभाष अरोड़ा ने स्कूल के उत्सव, प्रतिभा और समुदाय की भावना के प्रमाण के रूप में कार्यक्रम की सफलता पर जोर देते हुए, गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। अमेनिटी पब्लिक स्कूल का दिन वास्तव में सांस्कृतिक समृद्धि और सांप्रदायिक आनंद का एक उल्लास पूर्ण मिश्रण था।इस तरह से ही हर्षोल्लास के साथ समारोह का समापन हुआ।












# विश्व हिंदू महासंघ की कार्यकारिणी का विस्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी कौशल कुमार सिंधी के कार्यालय पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला संयोजक सागर गाबा एवं जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा संजू ने संगठन का विस्तार करते हुए अरविंद खेड़ा को जिला उपाध्यक्ष, मदन ढींगड़ा को गदरपुर विधानसभा संयोजक,कौशल कुमार सिंधी को नगर अध्यक्ष एवं अभिषेक



बत्रा गौरव को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा।इस दौरान सागर गाबा ने कहा विश्व हिंदू महासंघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। यह संगठन गैर राजनीतिक है। इसका मूल उद्देश्य हिंदुओं की रक्षा और उनके हितों के लिए सदा संघर्षशील रहना है। साथ ही प्रदेश में सनातन धर्म की मजबूती के साथ साथ समस्त हिंदुओ को एक जुट करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वही जिलाध्यक्ष संजीव कुमार संजू ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भगवा पटका पहनाया।

# जय श्री राम के नारों से गूंज उठा शहर

## सितारगंज में धूमधाम से निकली पूजित अक्षत कलश यात्रा

सितारगंज (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश यात्रा अमरिया चौराहे से प्रारंभ होकर किच्छा रोड, मोनी बाबा मंदिर होते हुए सनातन धर्म मंदिर में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए तो वहीं जय श्री राम के नारों से पूरा सितारगंज शहर गूंजता नजर आया वही कार्यक्रम में राम भक्तों ने कहा कि करोडो राम भक्तों की 500 वर्ष की तपस्या अब राम मंदिर के रूप में अपना आकार ले रही है। पूरे देश में उत्साह का माहौल है प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर अब बनकर तैयार है तो वही 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा जिसका पूरा देश साक्षी बनेगा सितारगंज नगर में अक्षत कलश यात्रा आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज फहराते हुए नगर के मुख्य मार्गो पर निकले तो वही जगह-जगह पूजित अक्षत के दर्शन करने लोगों की भीड़ उमड़ी जो दर्शाता है कि भारत के घर-घर में प्रभु श्री राम के प्रति असीम आस्था है। 22 जनवरी का वह क्षण ऐतिहासिक होगा जब प्रभु श्री राम





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व साधु संतों की उपस्थिति में मंदिर में विराजमान होंगे जिसको लेकर भव्य तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं वहीं राम भक्तों ने बताया कि पूजित अक्षत अब पूरे सितारगंज में जगह-जगह जाएगा जिससे सभी राम भक्त इसके दर्शन कर सकेंगे क्योंकि राम मंदिर निर्माण में देश के हर राम भक्त नागरिक ने अपनी क्षमता अनुसार अपनी समर्पण निधि दी यह कलश यात्रा से पूरे सितारगंज में भक्तिमय में वातावरण नजर आया। नगर के मुख्य चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान पवन पुत्र हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्री राम भक्तों ने कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी इस दिन सभी घरों में दीपावली मनाई जाएगी। इस दौरान तहसील प्रचारक ऋषभ, नगर कार्यवाहक मुकेश श्रीवास्तव, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, आशीष पाण्डे, मयंक, महेश मित्तल, राकेश त्यागी, देवेश कुमार, हुकुम चंद्र, विनय गुप्ता, खूब सिंह विकल, संतोष मिश्रा, संजय गोयल, सुमन राय, दीपक भारद्वाज, नीरू गुप्ता, अनिरुद्ध राय, संगीता जोशी, अरविंद चौरसिया, नवीन भट्ट, मोहित तिवारी, अनिल गर्ग, सतीश उपाध्याय, देशराज कंबोज, अजय सिंह, अम्बिका प्रसाद त्रिपाठी, दीपक गुप्ता, पंकज गहतोड़ी, रवि रस्तोगी, अमित रस्तोगी, पं. मनोज जोशी, मनीष श्रीवास्तव भगवान सिंह भंडारी,आदि लोग मौजूद थे।